संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ

सरदार वल्लभ भाई पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी.ई. रोड, रायपुर

दूरभास नं.–0771 **Email-dir- sportsyw.cg@gov.in Web- www.sportsyw.cg.gov.in**

क्रमांक / खेल अका.–316 / 2024–25 / 125 रायपुर, दिनांक 08/05/2024

/ / सूचना / /

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर जिले में संचालित गैर आवासीय हॉकी, तीरंदाजी, फुटबॉल (बालिका) एवं एथलेटिक्स अकादमियों हेतु खिलाड़ियों का चयन ट्रायल का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय चयन ट्रायल में प्रथम दिवस दिनांक 15.05.2024 को फुटबॉल (बालिका) एवं तीरंदाजी खेल का तथा द्वितीय दिवस दिनांक 16.05.2024 को एथलेटिक्स एवं हॉकी खेल का चयन ट्रायल प्रातः 7.00 बजे स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में किया जावेगा।

दिनांक 01.04.2024 को 13 से 17 वर्ष के ऐसे बालक / बालिका खिलाड़ी इस चयन परीक्षण में सम्मिलित होने हेतु पात्र होंगे । पात्र खिलाड़ी उपरोक्त निर्धारित तिथि तथा निर्धारित स्थल पर जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है। इस चयन परीक्षण में खेल के प्रति रूचि, अनुशासन, समयबद्धता, खेल कौशल, उनकी शारीरिक दक्षता आदि के संबंध मे चयन समिति द्वारा आंकलन किया जावेगा तथा बैटरी टेस्ट एवं कौशल परीक्षण में प्राप्तांक के आधार पर खिलाड़ियों को गैर–आवासीय अकादमी रायपुर के लिए चयनित किया जावेगा। गैर आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के पश्चात खिलाड़ियों को खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार बीमा, चिकित्सा व्यय, खेल सामग्री एवं उपकरण, प्रतियोगिता के दौरान यात्रा व्यय, स्वल्पाहार भत्ता, एकरूप परिधान, विशिष्ठ प्रशिक्षण, एडवांस कोचिंग, खेल वृत्ति की सुविधाएं दी जावेगी। गैर छात्रावासी खेल अकादमी मे खेल के अनुसार निम्नानुसार संख्या निर्धारित की गई है:– हॉकी– 50 बालक / बालिका, तीरंदाजी बालक / बालिका – 30, एथलेटिक्स –50 बालक / बालिका, फुटबॉल–50 बालिका।

गैर आवासीय खेल अकादमी हॉकी, तीरंदाजी, फुटबॉल, एथलेटिक्स का चयन परीक्षण निर्धारित तिथि और स्थल पर किया जावेगा।

(उक्त आयोजन विभाग की नियमित प्रक्रिया है, जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होता है।)

8/5/24

(तनुजा सलाम)
संचालक
खेल एवं युवा कल्याण
छत्तीसगढ़, रायपुर

प्रति,

जनसंपर्क अधिकारी
कार्यालय जनसंपर्क
नवा रायपुर, छत्तीसगढ़